लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

छपते छपते

कोलकाता एवं कटिहार से एक साथ प्रकाशित

कोलकाता, आश्विन कृष्ण पक्ष 9, संवत् 2068, गुरुवार 22 सितम्बर 2011 (डाक 23 सितम्बर-11) कुल पृष्ठ : 12, वर्ष-40, अंक

विपत्ति में भी उन्नति के अवसर : विनोद अग्रवाल

कोलकाता, 21 सितंबर। प्रतिकूल परिस्थिति विपत्ति के क्षणों को भी उन्नति के अवसर में परिणित कर सफलता एवं सम्पत्ति अर्जित की जा सकती है। [illegible] अंबानी, नेत्रहीन संगीतकार रवींद्र जैन एवं हेरेन किलर, मंध बुद्धि के थापस एडिसन, अनाथ साधनहीन लालबहादुर शास्त्री ने कठिन परिस्थितियों एवं शारीरिक अक्षमताओं के बावजूद अपने-अपने क्षेत्र में सफलता हासिल की। प्रेरक वक्ता विनोद अग्रवाल (चेयरमैन विनोद पॉजीटिव फाउंडेशन) ने इस्टर्न इंडिया कार्ड बोर्ड मैन्युफेक्चरर्स की वार्षिक सभा में उक्त विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष भारत केडिया, उपाध्यक्ष मिलन डे, सचिव मोहित बजाज एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र चोखानी को चुना गया। कर सलाहकार नारायण जैन ने भी विचार रखे। हेमन्त सरावगी विनय बसु मल्लिक, विप्लव दत्ता, रमेश सराफ के अलावा कई लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

झारखंड • बिहार • पश्चिम बंगाल • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हि

जापान ओपन में साइना की शान

अहमदीनेजाद से मिलेंगे मनमोहन 02

विपत्ति में भी उन्नति के अवसर : विनोद अग्रवाल

कोलकाता, जागरण संवाददाता : प्रतिकूल परिस्थितियां तथा विपत्ति के क्षणों को भी उन्नति के अवसर में परिणित कर सफलता एवं संपत्ति अर्जित की जा सकती है। गरीब युवक धीरूभाई अंबानी, गूंगा बीकोवन, नेत्रहीन संगीतकार रवींद्र जैन एवं हेलन कीलर, मंदबुद्धि के थामस एडीसन, अनाथ साधनहीन लाल बहादुर शास्त्री ने कठिन परिस्थितियों एवं शारीरिक अक्षमताओं के बावजूद भी अपने-अपने क्षेत्र में अद्‌भुत सफलता कर महानता के गौरव से सम्मानित हुए। ग्राहकों को उत्तम क्वालिटी एवं एक्स्ट्रा सेवा देने की नीति व्यापार को विशेष सफलता देती है। आज के कठिन प्रतिस्पर्द्धा के युग में ग्राहक की पसंद एवं अपेक्षाओं को पूरा करना ही व्यापार की उन्नति की गारंटी है। उपर्युक्त विचार प्रेरक वक्ता विनोद अग्रवाल (चेयरमैन विनोद पोजिटिव फाउंडेशन) ने ईस्टर्न इंडिया कार्ड बोर्ड, मैन्यूफैक्चरर्स की वार्षिक सभा में उद्योगपतियों एवं व्यापारियों के समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। भारत केडिया - अध्यक्ष, मिलन डे - उपाध्यक्ष, मोहित बजाज - सचिव एवं राजेंद्र चोरवानी को संघ का कोषाध्यक्ष चुना गया। कर सलाहकार नारायण जैन ने भी सर्च एवं सर्वे विषय पर अपने विचार रखे। हेमंत सरावगी, विनय बसु मल्लिक, विप्लव दत्ता, रमेश सराफ सहित अनेक कोर्ड बोर्ड बाक्स मिल मालिक ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रारंभ में अध्यक्ष भारत केडिया ने मिल मालिकों की समस्या को राज्य सरकार के समक्ष समाधान के लिए पहल करने का आश्वासन दिया।

वर्ष 09 अंक 217
पृष्ठ 12
जमशेदपुर, गुरुवार
22 सितंबर, 2011
कोलकाता संस्करण